प्रेम विस्तार है,
स्वार्थ संकुचन है।
इसलिए प्रेम जीवन
का सिद्धांत है। वह
जो प्रेम करता है
जीता है, वह जो
स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम
के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का
यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही
जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते
हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और
खबरों एवं ई पेपर के
लिये लॉग इन करें
https://
dainikyashonnati.
com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 03 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी रविवार 27 अगस्त 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार ..... पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

गौरीशंकर बिसेन राजेन्द्र शुक्ल तथा राहुल लोधी राज्य मंत्रीमंडल में शामिल

सिवनी यशोः- राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राज्य मंत्रि-मण्डल के नवनियुक्त मंत्रियों को शनिवार को राजभवन में शपथ दिलाई। राज्यपाल श्री पटेल ने गौरीशंकर बिसेन और राजेंद्र शुक्ल को मंत्री एवं राहुल सिंह लोधी को राज्य मंत्री के पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, वित्त, वाणिज्यिक कर मंत्री जगदीश देवड़ा, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, जल संसाधन आयुष (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री रामकिशोर कांवरे, सांसद प्रदेश अध्यक्ष भाजपा वी.डी.शर्मा, विधायक गण एवं अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह राजभवन के सांदीपनि सभागार में गरिमापूर्वक आयोजित किया गया। मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस ने शपथ ग्रहण समारोह की कार्यवाही का संचालन किया।

28 अगस्त को विशाल जनता पंचायत सम्मेलन

छपारा यशोः- गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के तत्वाधान में 28 अगस्त को विशाल जनता पंचायत सम्मेलन का आयोजन कृषि उपज मंडी में आयोजित किया जा रहा है। जनता पंचायत सम्मेलन में क्षेत्रीय विभिन्न समस्याओं का निराकरण एवं समाधान पर आयोजित उक्त कार्यक्रम में पेसा कानून खराब हालत में क्यों है आदिवासियों पर अत्याचार कौन करवा रहे हैं पंचायत के अधिकार क्यों खत्म हो रहे हैं सरकार तानाशाही रवैया क्यों अपना रही है जनता की योजनाओं के नाम पर कौन लूट रहे हैं प्रशासनिक तंत्र गरीब जनता से लूटपाट क्यों कर रहा है किसानों के खेत को पानी क्यों नहीं दिया जा रहा है आदि बिंदुओं पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी जिला सिवनी के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विशाल रैली के बाद प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को पहुंचने की अपील श्रीमती ललिता रावेन शाह क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य के द्वारा की गई।

जबरन नॉलेज

औंधे घड़े में पानी नहीं रूकता काका हा हा हा....

भाजपा की जनकल्याण की योजनाएँ एवं विकास जीत का मजबूत आधार - अड़सड़

भाजपा के प्रवासी विधायक के हर मंडल में हुये मार्गदर्शी कार्यक्रम, कार्यकर्त्ताओं को दिये जीत के मंत्र

सिवनी यशोः- प्रदेश व्यापी विधायक प्रवास कार्यक्रम तहत जिले की चारो विधानसभाओं में महाराष्ट्र प्रदेश के विधायकों का प्रवास हुआ है और विधानसभा क्षेत्रों में केन्द्रीय विधायक प्रवास योजना के निर्धारित कार्यक्रम मंडल क्षेत्रों में विधायक प्रवास के दौरान आयोजित हुये। भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे के निर्देशानुसार जिले की चारों विधानसभाओं में विधायक प्रवास योजना के कार्यक्रम मंडल अनुसार निर्धारित हुये है। इन कार्यक्रमों में आपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्त्ता एवं आमजनों से संपर्क के कार्यक्रम संपन्न किये जा गये। सिवनी विधानसभा क्षेत्र में 20 अगस्त से महाराष्ट्र प्रदेश के विधायक प्रताप दादा अड़सड़ लगातार मंडल क्षेत्रों में पहुँच कर मंडल कार्यसमिति, मोर्चा प्रकोष्ठों की कार्यसमिति,शक्तिकेन्द्र एवं बूथ स्तर के कार्यकर्त्ताओं एवं समूह बैठक के माध्यम से भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की योजना पर कार्यकर्त्ताओं से विस्तार पूर्वक चर्चा की और संगठन को भाजपा की जीत के संकल्प के साथ काम करने का महामंत्र दिया।

आठ दिवसीय प्रवास के दौरान मंडलों के प्रवास में निर्धारित योजना अनुसार हुये कार्यक्रम

जिला भाजपा मीडिया सह प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रताप दादा के प्रवास कार्यक्रम प्रातः से प्रारंभ होकर देर रात विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक मंडल में किये गये। एक दिन में एक मंडल केन्द्रीय योजना के अनुसार कार्यक्रम संपन्न किये गये। प्रवासी विधायक प्रताप सिंह अडसड़ विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा संयोजक श्रीनिवास मूर्ति, विधानसभा प्रभारी गजानंद पंचेश्वर, भाजपा उपाध्यक्ष आनंद शर्मा, जिला उपाध्यक्ष लालमणी लालू राय सहित अन्य प्रवास योजना के जिम्मेदार कार्यकर्त्ताओं के साथ मंडलों में प्रवास के दौरान मंडल कार्यसमिति, मोर्चा प्रकोष्ठों की कार्यसमिति एवं बूथ स्तर के कार्यकर्त्ताओं की बैठक में अपने संबोधन के दौरान कार्यकर्त्ताओं को विधानसभा में बड़ी जीत के लक्ष्य के साथ जुटने का महामंत्र प्रदान किया किया गया, और उन्होंने कहा कि कार्यकर्त्ताओं ने अपने पूरी क्षमता के साथ लगातार विधानसभा क्षेत्र में जीत सुनिश्चित करने के लिये काम किया है और बूथ स्तर तक बूथ समितियाँ और विभिन्न स्तर के कार्यकर्त्ताओं की टीम तैयार की है इस टीम के माध्यम से प्रत्येक बूथ को जीतने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को पूरा करने का समय आ चुका है आपकी पांच साल की मेहनत का परिणाम दिखाने के लिये अब पूरी ताकत से जुटने की आवश्यकता है।

सिवनी नगर मंडल कार्यसमिति सहित अनेक कार्यक्रम हुये संपन्न

शनिवार को सिवनी विधानसभा प्रवास योजना के तहत पहुँचे विधायक प्रताप दादा अडसड़ ने सिवनी नगर के दक्षिण मंडल की कार्यसमिति एवं मोर्चा प्रकोष्ठ समिति सहित शक्ति केन्द्र के पदाधिकारियों तथा बूथ केन्द्र की समिति सदस्यों की पृथक पृथक बैठके ली इस दौरान सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, पूर्व जिलाध्यक्ष सुजीत जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुदर्शन बाझल, पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, प्रदीप राय, जिला मंत्री संजीव मिश्रा, डॉ अभिजीत चौहान, नगर अध्यक्ष अभिषेक दुबे की उपस्थिती भी उल्लेखनीय रही। इसके पश्चात सिवनी नगर के व्यापारियों के साथ सर्किट हाउस में बैठक संपन्न हुयी नगर के डॉक्टर, वकील, एवं अन्य प्रोफेशनल नागरिकों के साथ बैठक की गयी। इसी प्रकार सोशल मीडिया वालएंटियरों के साथ भाजपा कार्यालय में बैठक की इसी प्रकार नगर विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रमुखों जनों के साथ बैठक की गयी।

भाजपा ने जो विकास और गौरव के काम किये कांग्रेस उनके बारे में सोच भी नहीं सकती

महाराष्ट्र प्रदेश से सिवनी विधानसभा में आठ दिवसीय प्रवास पर पहुँचे धमाण गांव रेल्वे के विधायक प्रताप दादा अड़सड़ ने विधानसभा क्षेत्र के सभी आठ मंडलों में प्रवास के दौरान सभी स्तर के कार्यकत्त्राओं और प्रबुद्धजनों से चर्चा करते हुये कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार गरीब कल्याण और विकास के माध्यम से देश की दिशा बदलने का काम कर रही है आज दुनिया में भारत एक महाशक्ति के रूप में अपनी पहचान स्थापित करने में सफल हुआ है इस सरकार ने जो काम अल्प समय में किये है वह कांग्रेस की कल्पना से बाहर है उन्होंने चंद्रयान 3 की सफलता के बारे भी चर्चा करते हुये कहा कि यह भाजपा के कार्यकाल में ही संभव हो पाया कांग्रेस देश के गौरव के लिये कभी सोच नहीं रखती।

केन्द्र और प्रदेश की सरकारों के गिनाये कार्य

श्री अड़सड़ ने केन्द्र और प्रदेश सराकार के विकास और गरीब कल्याण के कार्यों का उल्लेख करते हुये कहा कि भाजपा नर सेवा नारायण सेवा के मूल मंत्र के आधार पर राजनैतिक क्षेत्र में काम करने वाला दल है और इसके कामों के स्पष्ट रूप से परिणाम भी दिख रहे है परंतु विरोधियों द्वारा सत्ता को हथियाने के लिये मतदाताओं के बीच भ्रम और झूठ का सहारा लिया जा रहा है इस भ्रम को तोड़ने के लिये हमारे कार्यकर्त्ताओं की निरंतर सक्रियता बहुत आवश्यक है।

सिवनी नगर दक्षिण मंडल में प्रवासी विधायक योजना अंतर्गत संपन्न हुये विभिन्न कार्यक्रम

सिवनी 26 अगस्त 2023:- भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार महाराष्ट्र राज्य के धमानगाँव के विधायक प्रताप अडसड़ जी का संगठनात्मक दौरा नगर भाजपा दक्षिण मंडल में शनिवार 26 अगस्त को सम्पन्न हुआ।

विधायक प्रवास योजन के तहत मंडल बैठक (सत्यापन व मूल्यांकन) जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई बैठक के पश्चात जनप्रतिनिधि व मोर्चा प्रकोष्ठ पदाधिकारी बैठक में प्रवासी विधायक का संबोधन हुआ। महिला मोर्चा की जिला महामंत्री श्रीमती निशा नाग जी के निवास मे प्रवासी विधायक एवं अतिथियों का भोजन हुआ जहां सैनिक परिवार से भेंट की गयी। भाजपा कार्यालय में मीडिया इन्फ्लूलेंस कार्यक्रम में युवाओं को प्रवासी विधायक श्री अड़सड़ सोशल मीडिया के प्रभारी श्री त्यागी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ने सोशल मीडिया की आवश्यकता के संबंध में चर्चा की। कार्यक्रम की अगली कड़ी में वृद्धा आश्रम मे पहुँचकर प्रवासी विधायक एवं भाजपा की टीम ने वृद्धजनों से भेंट व फल वितरण, किया। सम्पर्क से समर्थन कार्यक्रम अंतर्गत आशीष अग्रवाल, डॉ नीलिमा बघेल, लक्ष्मी कमलेश, सुनील अग्रवाल से संपर्क किया व विकास तीर्थ कार्यक्रम में रेलवे स्टेशन की भव्यता को देखा इसके पश्चात मठ मंदिर दर्शन व मूर्तिकर विक्की कश्यप का सम्मान किया गया। अंत मे जिला अध्यक्ष आलोक दुबे के निवास मे सर्व समाज प्रमुखो से भेंट कार्यक्रम कर भोजन पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी के निवास मे सम्पन हुआ।

आसिफ जरदारी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष बनाये गये

भाजपा जिला कार्यालय में हुआ स्वागत जिलाध्यक्ष ने दी शुभकामनाएँ

सिवनी यशोः - सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद आसिफ जरदारी को मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड भोपाल ने जिला वक्फ बोर्ड सिवनी के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है।

मोहम्मद आसिफ जरदारी को अध्यक्ष बनाए जाने के साथ ही वक्फ बोर्ड की नई कमेटी का भी गठन कर दिया गया है। वक्फ कमेटी के मध्यप्रदेश के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी एवं वक्फ कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष सनवर पटेल द्वारा अनुमोदित आदेश में 07 सदस्यीय कमेटी का ऐलान किया गया है। इसमें उपाध्यक्ष शफीक पटेल झालोन, सचिव शहजाद बेग बोरदई, कोषाध्यक्ष निसार खान गोरखपुर, एवे तीन सदस्य के रूप में अकील खान भगत सिंह वार्ड, हैदर शाह विश्वकर्मा विश्वकर्मा बिल्डिंग कस्तूरबा वार्ड एवं मोहम्मद नूमान बोरदई को शामिल किया गया है। मो. आसिफ जरदारी ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे एवं वक्फ बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने पर उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

वक्फ बोर्ड के जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने पर आसिफ जरदारी अपनी घोषित कमेटी के साथ भाजपा जिला कार्यालय पहुँचे जहाँ भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने उन्हें तथा उनकी पूरी कमेटी को बधाई देते हुये कहा कि जिले में अल्पसंख्यक समाज के बीच कार्य करने के लिये आपको एवं आपकी कमेटी को जो जिम्मेदारी मिली है उस जिम्मेदारी का समाज के हित में बेहतर निर्वाहन करें और जिम्मेदारी का निर्वाहन करने में समाज के बीच संदेश दें कि भाजपा के कार्यकर्त्ता को जो जिम्मेदारी मिलती है उसका वह पूरी जिम्मेदारी से निर्वाहन करते है। श्री दुबे ने आसिफ जरदारी और पूरी कमेटी को शुभकामनाएँ देते हुये उनका फूल मालाओं से अभिनंदन किया और मिठाई खिलाई।

वक्फ बोर्ड के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष आसिफ जरदारी एवं उनकी कमेटी के अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान प्रवासी विधायक प्रताप दाद अड़सड़, पूर्व जिलाध्यक्ष सुजीत जैन, प्रेम तिवारी, दीवान साद अली, ज्ञानचंद सनोडिया, आनंदशर्मा, संजीव मिश्रा, श्रीनिवास मूर्ति, युवराज राहंगडाले, दिलीप अग्रवाल, बाबा पांडे, राजू यादव, रज ठाकुर, पप्पू जाफर, मंजूर खान, हैदर शाह, सुलेमान ताज, शहजाद बेग, कलीम उद्दीन, राशिद, हामिद खान, मो. शाबिर खान, गोलू सिराज, पीरू खान, जित्तू यादव सहित अन्य भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

मीसाबंदी मोहन साहू की पेंशन पर निर्णय लेने कलेक्टर को हाई कोर्ट के निर्देश

सिवनी यशोः- जबलपुर हाई कोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकल पीठ ने सिवनी कलेक्टर को निर्देश दिये है कि याचिकाकर्त्ता मीसाबंदी को पेंशन देने के संबंध में उसके अभ्यावेदन पर विचार कर उचित निर्णय पारित करें। कोर्ट ने इसके लिये दो का समय निर्धारित किया है। यहाँ बता दें कि सिवनी निवासी मोहन साहू आपात काल के दौरान जेल गये थे उन्होंने जिला कलेक्टर को मय दस्तावेजो के आवेदन दिया था परंतु उनके अभ्यावेदन को निरस्त कर दिया गया था जिसके बाद मोहन साहू ने हाई कोर्ट में अपने अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दायर की थी इस याचिका पर हाई कोर्ट ने जिला कलेक्टर को निर्देश दिया है कि उनके अभ्यावेदन पर बिचार किया जाये और याचिकाकर्त्ता को सभी दस्तावेजो के साथ जिला कलेक्टर को पुनः अभ्यावेदन प्रस्तुत करने के लिये कहा है और कहा है कि पुनः अभ्यावेदन के साथ सारे दस्तावेज भी प्रस्तुत करें। जेल के रिकार्ड भी इस बात की पुष्टि करते है कि आपातकाल के दौरान मोहन साहू जेल में बंद रहे है।

विधायक दिनेश राय मुनमुन की ओर से श्री राम कथा का भव्य आयोजन आगामी 09 सितंबर से

श्री रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज के श्रीमुख से प्रवाहित होगी श्री राम कथा

सिवनी यशोः- आगामी 9 सितंबर से 17 सितंबर 2023 तक नौ दिवसीय श्री राम कथा का भव्य आयोजन जिला मुख्यालय सिवनी की पावन धरा पर विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी की ओर से किया जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी विधायक प्रतिनिधि श्याममिलन पांडे द्वारा दी गई है। श्री पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान शिव की नगरी सिवनी की पावन धरा पर विधायक दिनेश राय मुनमुन की ओर से आगामी 9 सितंबर से 17 सितंबर 2023 तक नौ दिवसीय श्री राम कथा का भव्य आयोजन स्थानीय पालीटेक्निक मैदान मे किया जा रहा है। जिसमें प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त, चित्रकूट तुलसीपीठाधीश्वर पद्मविभूषण जगद्गुरु श्री रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। साथ ही श्रद्धालु जनों को महाराज श्री के मुखारविंद से धाराप्रवाह प्रवाहित होने वाली प्रेरणादायक भव्य श्री राम कथा को श्रवण करने का अवसर भी प्राप्त होगा। श्री पांडे ने बताया कि श्री राम कथा प्रवाह का समम अपरान्ह 04 बजे से संध्या 07 बजे तक निर्धारित किया गया है।

सरस्वती शिशु मंदिर मे दो दिवसीय प्राचार्य एवं प्रधानचार्य बैठक प्रारंभ

छिन्दवाड़ा विभाग
प्राचार्य-प्रधानाचार्य बैठक
अगस्त 2023
सा विद्या या विमुक्तये

सिवनी यशोः- सरस्वती शिशु/उच्च.माध्य. विद्यालय भैरोगंज सिवनी में दो दिवसीय प्राचार्य/प्रधानाचार्य बैठक का उद्घाटन सत्र वनांचल शिक्षा सेवा न्यास की अध्यक्ष डॉ. श्रीमति पुष्पा तेकाम, देवेंद्र जी चतुर्वेदी प्रांत प्रमुख वनांचल शिक्षा महाकौशल प्रांत, नितिन जी चौधरी व्यवस्थापक, मनोज मर्दन त्रिवेदी कोषाध्यक्ष, चुन्नीलाल बोपचे विभाग समन्वयक की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समस्त मंचासीन अतिथियों का स्वागत प्राचार्य ओमप्रकाश यादव, प्रमोद सोलंकी वरिष्ठाचार्य, प्रकाश गुप्ता व्याख्याता द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित उन दानदाताओं का सम्मान भी किया गया, जिन्होने विद्यालय विकास हेतु धनराशि अथवा सामग्री प्रदान की। इनका परिचय संस्था व्यवस्थापक नितिन चौधरी एवं स्वागत प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने किया। इनमें प्रमुख रूप से विद्यालय के लिए वाटर प्यूरीफायर प्रदान करने वाले अर्पण बिसेन, वाटरकूलर प्रदान करने वाले रिकू गहलोद, विद्यालय विकास हेतु 15000/- की राशि प्रदान करने वाले अजय साहू, 11000/- राशि प्रदान करने वाले पवन अग्रवाल, विद्यालय के 3 कक्षो हेतु मेंटिग भेट करने वाले शिवप्रसाद बोपचे, शिक्षक संघ की ओर से 5000/-, विद्यालय विकास हेतु विजय शुक्ला द्वारा 13000/- एवं 3331/- प्रमोद निमझे द्वारा प्रदान किये गये। अंत में अध्यक्षीय आशीष डॉ. श्रीमति पुष्पा तेकाम तथा आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष मनोज मर्दन त्रिवेदी ने किया।

राज्यपाल पटेल ने नवनियुक्त मंत्रियों को शपथ दिलाई

राजभवन में मंत्रि-परिषद् शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

मंत्रि- परिषद्
शपथ-ग्रहण समारोह

भोपाल । राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राज्य मंत्रि-मण्डल के नवनियुक्त मंत्रियों को आज राजभवन में शपथ दिलाई। राज्यपाल श्री पटेल ने श्री गौरीशंकर बिसेन और श्री राजेंद्र शुक्ल को मंत्री एवं श्री राहुल सिंह लोधी को राज्य मंत्री के पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, वित्त, वाणिज्यिक कर मंत्री श्री जगदीश देवड़ा, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग, जल संसाधन आयुष (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री श्री रामकिशोर कांवरे, सांसद प्रदेश अध्यक्ष भाजपा श्री वी.डी.शर्मा, विधायकगण एवं अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह राजभवन के सांदीपनि सभागार में गरिमापूर्वक आयोजित किया गया। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस ने शपथ ग्रहण समारोह की कार्यवाही का संचालन किया।

हर एक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जोड़े : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

भोपाल। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के अंतर्गत राजगढ़ जिले की नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र-160 के मतदान केंद्र क्रमांक -231, 232, 262, 263, 264, 266, 267, 269 का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, रैंप, शौचालय एवं बैठक व्यवस्था देखी। बीएलओ से नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए प्राप्त हुए फॉर्म-6, 7, 8 की जानकारी प्राप्त की। हर एक पात्र नागरिक का नाम जोड़ने और मृत मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से अनिवार्य रूप से हटाने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने मतदान केंद्रों पर उपस्थित बीएलओ और मतदाताओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि जिन नागरिकों की उम्र एक अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है वे अग्रिम रूप से अपना आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से जमा कर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं।

जनजातीय समाज को निर्भय, शिक्षित और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए तटस्थ स्वामी लक्ष्मणानंद का बलिदान दिवस

प्रवीण गुगनानी-



23 अगस्त स्वामी लक्ष्मणानंद जी का बलिदान दिवस है. स्वामी जी भारत में धर्मांतरण के विरुद्ध एक मशाल थे. भारत में कन्वर्जन ने हमारे प्रतिमान नष्ट किए, हमारी परंपराओं को बाधित किया, हमारे समाज की दशा-दिशा बदली और इसके कारण ही न जाने कितने हिंदुओं का नरसंहार हुआ और न जाने कितने महापुरुषों ने कन्वर्जन के विरोध में कार्य करते करते अपने प्राण बलिदान कर दिए. ऐसे ही स्वामी लक्ष्मणानंद जी के आज बलिदान दिवस के दिन उनकी नृशंस हत्याकांड की कटुक स्मृतियाँ ध्यान में आती है. ÷ट्रुथ बिहाइंड द मर्डर ऑफ स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती÷ नामक पुस्तक में उनकी हत्या की त्रासदी का उल्लेख है.

स्वामीजी कन्वर्जन के विरोध में मुखर थे, इस कारण उन पर कई बार प्राणघातक हमले हुए. यद्दपि स्वामी जी इन जानलेवा हमलों से भयभीत नहीं हुए तथापि ध्यान देने योग्य बात यह है कि किस प्रकार मुट्ठी भर की जनसंख्या वाले ईसाई समुदाय के लोग उन पर आठ बार प्राणघातक वार करने का दुस्साहस करते रहे.

भारतीय समाज के समाज के समक्ष आज भी यह यक्षप्रश्न है कि उस कालखंड में देश में अंततः ऐसा क्या चल रहा था कि ईसाई मिशनरियां इतनी निर्भीक और अपराधी चरित्र वाली हो गई थी.

1969 में भी रूपगांव चर्च पादरी ने ईसाइयों के साथ उन पर हमला किया था. 2008 के जन्माष्टमी की रात्रि के समय हत्याकांड में ईसाई मिशनरियों द्वारा स्वामी जी के साथ भक्तिमयी माता, अमृतानंद बाबा, किशोर बाबा और पुरुबग्रंथी जी की भी हत्या करा दी गई थी. 84 वर्षीय इस संत से ईसाई मिशनरियां अत्यंत भयभीत रहती थी जिसके परिणाम स्वरुप उनकी हत्या कर दी गई.

स्वामी लक्ष्मणानंद जी की हत्या के दिन उनके पास कोई सुरक्षा गार्ड नहीं था,` या यह मात्र संयोग था या कोई षड्यंत्र? हत्या के समय केंद्र में सोनिया गांधी के नेतृत्व वाली मनमोहन सरकार थी. इस सरकार की ओर से स्वामी जी की हत्या के सम्बन्ध में जो व्यक्तव्य जारी हुआ वह ईसाईयों के पक्ष में था.

स्वामी लक्ष्मणानन्द के हत्यारों की गिरफ्तारी और उनके अवैध हथियारों की व्यवस्थित जांच नहीं हुई थी. इस हत्याकांड में एक ईसाई एनजीओ के संलिप्त होने की संभावना पता चली थी. तुर्रा यह रहा कि स्वामी जी की हत्या के बाद जो प्रतिक्रिया हुई उसके लिए इन ईसाई संस्थाओं, चर्चों और संदिग्धों को भी केंद्र सरकार की ओर से राहत राशि प्रदान की गई थी. उनके संघर्षशील स्वभाव का ही परिणाम था कि गोवर्धन पीठ के पूज्य शंकराचार्य जी ने उन्हें ÷विधर्मी कुचक्र विदारण महारथी÷ की उपाधि दी थी.

वे जनजातीय समाज को निर्भय, शिक्षित और आर्थिक रूप से मजबूत बनाना चाहते थे. उन्होंने कृषि की नई तकनीको और तरीकों से जनजातीय समाज को परिचित कराया और कंधमाल के चकपाद में गुरुकुल पद्धति पर आधारित एक विद्यालय, महाविद्यालय और कन्याश्रम प्रारंभ किया. कटिंगिया ग्राम में में सब्जी सहकारी समिति का गठन भी कराया. उनके इन प्रयासों से जनजाति समाज शिक्षित और आर्थिक मोर्चे पर समृद्ध हुआ. जनजाति समाज के बीच उन्होंने अनवरत चार दशक तक काम किया.

उड़ीसा के जनजातीय क्षेत्रों में भगवान की तरह पूजे जाने वाले स्वामी लक्ष्मणानंद जी वेदांत दर्शन और संस्कृत व्याकरण के मूर्धन्य विद्वान थे, उन्हें ÷वेदांत केसरी÷ के नाम से जाना जाता था. उनके समाज जागरण के कार्यों ने कंधमाल क्षेत्र में हिंदू बंधुओं की जीवन शैली को बदल दिया था.

स्वामी लक्ष्मणानंद जी के कार्यों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी अत्यंत प्रभावित हुआ. संघ ने स्वामी जी की राष्ट्रीयता से ओत-प्रोत मानसिकता को पहचानकर प्रारंभ से ही उनकी गतिविधियों को आदर सम्मान के साथ समर्थन देना प्रारंभ कर दिया था. उनके कंधमाल मे जनजातीय क्षेत्र में सक्रिय होते से ही से ही आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक श्री रघुनाथ सेठी का संग साथ मिलने लगा था. संघ ने अपने स्वयंसेवकों के माध्यम से स्वामीजी की गतिविधियों व प्रकल्पों की बड़ी ही गंभीर और चैतन्य देख रेख व चिंता की.

जनजातीय क्षेत्र में स्वामी जी ने शिक्षा के प्रति ऐसा आग्रह उत्पन्न किया कि वहां रात्रि विद्यालय प्रारंभ हुए फलस्वरूप कंधमाल में मतान्तरण की गतिविधियाँ प्रभावित होने लगी. इस क्षेत्र में विदेशी धन से संचालित और कार्यरत मिशनरी संस्थाओं ने वनवासियों को बहला फुसलाकर धर्म परिवर्तन का जो जाल फैला रखा था, स्वामी जी के जन जागरण के कार्यक्रमों से वह जाल कटने लगा. उनके प्रयासों से ही उदयगिर और रायकिया के कृषक सेम फल्ली का गुणवत्तापूर्ण और बड़ी मात्रा का रिकार्ड उत्पादन करने में सक्षम हैं.

कम ही लोगो को पता है कि संयुक्त वन प्रबंधन प्रणाली का पहलेपहल प्रयोग स्वामी जी ने 1970 में किया था. धर्म के माध्यम से वनों व पर्यावरण की रक्षा हेतु उन्होंने अनेकों स्थानों पर वनवासी देव स्थान (धर्माणीपेनू) की और इन देवस्थानों को अपनी गतिविधियों का संपर्क केंद्र बनाया.

वे अपने उद्बोधनों में वनवासियों के आसूं और रक्त गिरने को क्षेत्र के लिए अपशगुन बताते थे. वे प्रायः कहा करते थे कि जहां वनवासी का आंसू या खून गिरता है वह क्षेत्र समृद्ध नहीं होगा. उनके सभी कार्यों के केंद्र में गौरक्षा और कन्वर्जन के विरुद्ध जनजागरण आवश्यक रूप से रहता था.

ओडिशा के वन प्रधान जिले फूलबनी (कंधमाल) के ग्राम गुरजंग में 1924 में जन्मे स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती बाल्यकाल से ही समाज कार्य में लीन हो गए थे.

स्वामी जी ने न केवल आध्यात्मिकता के महासागर में गहरे पैठ धर्म के मर्म को समझा अपितु साथ साथ वे एक दिन हिमालय की ओर प्रयाण भी कर गये. हिमालय में साधना के पश्चात जब स्वामी जी 1965 में लौटे तो गोरक्षा आंदोलन से जुड़ गए. हिमालय से लौटकर स्वामी जी ने वनग्राम फुलबनी (कंधमाल) के चकपाद गांव को अपना केंद्र बनाया.

वन्य क्षेत्रों में जनजातीय बंधुओं हेतु उन्होंने सेवाकार्य संचालित प्रारंभ कर दिए. उनके सेवा कार्यों की ख्याति कंधमाल के वनग्रामों से निकलकर भुवनेश्वर तक पहुंचने लगी. उनके सेवा प्रकल्पों ने ऐसे एतिहासिक सेवा कार्य किये कि स्वामी जी आमूलचूल कंधमाल के हो गए और कंधमाल का कण कण, जन जन स्वामी का हो गया.

इसके बाद तो सेवा और जनजातीय क्षेत्रों में धर्म जागरण का उनका यज्ञ चार दशकों तक अनवरत चला. स्वयं के प्रति उपजी इस क्षेत्र वासियों की श्रद्दा और विश्वास के आधार पर उन्होंने उन्होंने उपेक्षित व जीर्ण शीर्ण बिरुपाक्ष्य, कुमारेश्वर और जोगेश्वर मंदिरों का जीर्णोद्धार कार्य भी किया. इन मंदिरों से न केवल समाज जागरण हुआ बल्कि इस समूचे क्षेत्र में ईसाई मिशनरियों को एक बड़ी चुनौती भी मिली. बलिदान दिवस के दिन उन्हें अनंत प्रणाम.

प्रदेश की 2792 कॉलोनियां हुई वैध घोषित, 35 लाख नागरिकों का जीवन बनेगा बेहतर

अतिक्रमण से मुक्त 23 हजार एकड़ भूमि के उपयोग के लिए सु-राज कालोनी योजना

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किया जबलपुर में सु-राज कॉलोनी योजना का शुभारंभ

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कोई भी कॉलोनी अब अनाधिकृत नहीं रहेगी। प्रदेश में आज से सभी अनाधिकृत कॉलोनी वैध होंगी। मकान हमारा बुनियादी अधिकार है। हर गरीब के पास अपना एक मकान होना चाहिए। गाँवों में प्रधानमंत्री आवास योजना में गरीबों को मकान बनाकर दिए जा रहे हैं। शहरों में भी शहरी आवास योजना में गरीबों को मकान दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज जबलपुर में शहीद स्मारक, गोलबाजार में अनाधिकृत कॉलोनियों को वैध किए जाने, भवन अनुज्ञा एवं सु-राज कॉलोनी योजना के शुभारंभ के राज्य स्तरीय कार्यक्रम तथा विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं के हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अनाधिकृत कालोनियों के पात्र घोषित होने के बाद वहाँ अधो-संरचना विकास एवं भवन भी अनुज्ञा प्रदाय की। प्रदेश की 23 हजार एकड़ भूमि को भू-माफियों और अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराकर गरीबों के लिए सु-राज कालोनी योजना बनाई गई है। इससे 35 लाख नागरिकों का जीवन बनेगा बेहतर। इसी तरह छह हजार अनाधिकृत कालोनियों को वैध करने की प्रक्रिया भी जारी है।

विकास का चल रहा महायज्ञ

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में विकास का महायज्ञ चल रहा है। जबलपुर में 130 करोड़ 15 लाख रूपए लागत के 70 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा भूमि-पूजन किया जा रहा है। साथ ही आज पूरे प्रदेश में अनाधिकृत कॉलोनियों को वैध घोषित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमारा संकल्प है कि किसी गरीब को बिना जमीन और घर के नहीं रहने दिया जायेगा। सभी पात्रों को रहवासी जमीन और मकान बनाकर दिए जाएंगे।

गुंडे-बदमाशों को बख्शा नहीं जाएगा

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि भू-माफिया, गुंडे और बदमाशों को बख्शा नहीं जाएगा। भू-माफिया से मुक्त कराई गई जमीन पर गरीबों को घर बनाकर दिए जा रहे हैं। गुंडे-बदमाशों और अतिक्रमणकारियों पर बुलडोजर की कार्रवाई भी निरंतर जारी है। जबलपुर में 900 से ज्यादा घर बनाकर दिए जा रहे हैं। जबलपुर के मदन महल पहाड़ी क्षेत्र से विस्थापित किए गए गरीबों को मकान बनाकर देने का कार्य चल रहा है। प्रदेश में किसी भी गरीब को बिना मकान के सड़कों पर नहीं रहने दिया जाएगा।

सु-राज कॉलोनियों में सभी बुनियादी सुविधाएँ मौजूद रहेंगी

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सु-राज कॉलोनियों में सभी बुनियादी सुविधाएँ मिलेंगी। प्रदेश में कुल 2 हजार 792 कॉलोनियों को वैध किया जा रहा है,जिसमें जबलपुर की 39 कॉलोनी भी शामिल हैं। प्रदेश के 35 लाख नागरिकों को इससे लाभ मिलेगा। सभी 413 नगरीय निकायों में कायाकल्प अभियान के तहत राशि जारी कर शहरों को सुंदर और आकर्षक बनाया जाएगा।

लोकार्पण एवं भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कार्यक्रम में 11 करोड़ 76 लाख रूपए लागत की अंधमुख चौक से मेडिकल कॉलेज होकर एल.आई.सी कार्यालय तक सड़क निर्माण, 8 करोड़ 43 लाख रूपए की भंवरताल में मल्टीलेवल पार्किंग, 8 करोड़ 08 लाख रूपए के रानीताल तालाब के पास 5 एम.एल.डी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, 18 करोड़ 88 लाख रूपए की भेड़ाघाट सीवरेज परियोजना, 18 करोड़ रूपए के बायो सी.एन.जी प्लांट की स्थापना, 9 करोड़ 63 लाख रूपए के गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन के निर्माण तथा विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। सांसद श्री राकेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान जनता को सुख-दुख को समझकर परिवार की भांति सरकार चला रहे हैं। संवेदनशीलता से प्रदेश के विकास और जन-कल्याण के कार्यों में निरंतर लगे हुए हैं। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह, विधायक श्री अशोक रोहाणी, पूर्व मंत्री श्री अजय विश्नोई सहित जन-प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें तथा आमजन उपस्थित थे।

भारत संपूर्ण विश्व को भौतिक और आध्यात्मिक प्रगति की राह पर अग्रसर करेगा – डॉ. मोहन भागवत



अभी तक चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर कोई नहीं उतरा था, हमारे वैज्ञानिकों ने लंबे परिश्रम के पश्चात वहां उतरने का पहला मान प्राप्त किया है। संपूर्ण देश के लिए ही नहीं, सारे विश्व की मानवता के लिए।

सारे विश्व को वसुधैव कुटुंबकम की अपने स्नेह से आलोड़ित करने वाली दृष्टि को लेकर भारत अब शांति और समृद्धि विश्व को प्रदान करने वाला भारत बनने की दिशा में अग्रसर हुआ है। इसका प्रतीक आज का हम सबके आनंद का यह क्षण है।

हमारे वैज्ञानिक कठोर परिश्रम से यह जो धन्यता का क्षण हमारे लिए खींच कर लाए हैं, उसके लिए हम उनके कृतज्ञ हैं और सारे वैज्ञानिकों का, उनको प्रोत्साहन देने वाले शासन-प्रशासन, सबका हम धन्यवाद करते हैं, हम उन सबका अभिनंदन करते हैं।

भारत उठेगा और सारी दुनिया के लिए उठेगा। भारत विश्व को भौतिक और आध्यात्मिक दोनों प्रकार की प्रगति की राह पर अग्रसर करेगा, यह बात अब सत्य होने जा रही है।

ज्ञान के, विज्ञान के भी क्षेत्र में
हम बढ़ चलेंगे
नील नभ के रूप के नव अर्थ
भी हम कर सकेंगे।

भोग के वातावरण में त्याग का
संदेश देंगे,
दास्य के घन बादलों से सौम्य
की वर्षा करेंगे।

इस उद्देश्य को साकार करने के लिए सारे देश का आत्मविश्वास जग गया है। स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव में यह एक वास्तविक अमृत वर्षा करने वाला क्षण हम सब लोगों ने अपनी आंखों से देखा है, इसलिए हम धन्य हैं। अब हम अपने कर्तव्य के लिए जागें, और आगे बढ़ें, इसकी आवश्यकता है। आगे बढ़ने के लिए आवश्यक सामर्थ्य, आवश्यक कला कौशल, आवश्यक दृष्टि, यह सब कुछ हमारे पास है। यह आज के इस प्रसंग ने सिद्ध कर दिया है। मैं फिर से एक बार सबका अभिनंदन करता हूं और हृदय से कहता हूं ङ्क भारत माता की जय।

गगन के हृदय का मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना में हुआ सफल ऑपरेशन

भोपाल।समय पर सहायता मिल जाए, तो वह वरदान से कम नहीं है। बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड के ग्राम खांडफरी के सात माह के मासूम गगन का हृदय में छेद की बीमारी का मुंबई में सफल ऑपरेशन यही प्रमाणित करता है। यह ऑपरेशन मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से मिली सहायता से हुआ है। बालाघाट जिले में 30 अगस्त तक चलाये जा रहे दस्तक अभियान में लक्ष्मीचंद टिकेश्वर को सात माह के पुत्र गगन टिकेश्वर के दिल में छेद की बीमारी का पता लगा था। लक्ष्मीचंद हैदराबाद में मजदूरी का काम करते हैं। बीमारी का पता लगने के बाद उन्होंने अपने बच्चे का बालाघाट जिला अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण कराया। लक्ष्मीचंद ने हृदय रोग के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा की, जिन्होंने उन्हें मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना की जानकारी दी। प्रकरण तैयार कर ऑपरेशन के लिये मुंबई के नारायणा हृदयालय भेजा गया, जहाँ बच्चे का सफल ऑपरेशन हुआ। बच्चा अब स्वस्थ है। बच्चे के ऑपरेशन के लिये राज्य शासन की ओर से एक लाख 47 हजार रूपये की स्वीकृति दी गई थी।

गाँव के विद्यालयों से पढ़ाई पूरी कर इसरो तक पहुंचे मध्यप्रदेश के ये वैज्ञानिक हैं : चंद्रयान 3 की सफलता के नायक

भारत के मिशन चंद्रयान 3 में लैंडर और रोबर का चाँद पर उतरना [illegible] ISRO (Indian Space Research Organisation) के वैज्ञानिकों की मेहनत का सुखद परिणाम है. ढ्ढस्ञ्जह्र के इस ऐतहासिक मिशन की सफलता ने दुनिया भर में भारत के वैज्ञानिकों के सामर्थ्य का डंका बजाया है. वैज्ञानिकों ने कम बजट में वह कार्य कर दिया जो दुनिया के बड़े-बड़े देश हजारों करोड़ रूपये खर्च करने के बाद भी नहीं कर पाए. चंद्रयान 3 के लैंडर और रोबर के चाँद पर पहुँचने की यह सफलता इसलिए भी विशेष हैं क्योंकि ये चन्द्रमा में दक्षिणी ध्रुव पर उतरे हैं. दक्षिणी ध्रुव चन्द्रमा का वो हिस्सा है जहाँ पर अब तक दुनिया के किसी भी देश की स्पेस एजेंसी नहीं पहुँच सकी थी लेकिन अब भारत यह करने वाला पहला देश बन गया है. बुधवार शाम चाँद पर लैंडर के उतरते ही चंद्रयान-3 में मिली इस सफलता ने अंतरिक्ष में भारत की मजबूती सुनिश्चित कर दी.



देशवासियों ने इस अभूतपूर्व लम्हे को सीधा प्रसारण के माध्यम से देखा. लैंडर के चाँद पर उतरते ही जो खुशी अनुसंधान केंद्र में देखी गयी, वही खुशी देश भर के नागरिकों में थी. ISRO (Indian Space Research Organisation) को मिली की इस सफलता का नागरिकों ने जश्न मनाया. मिशन में मिली साफलता ने नागरिकों के उत्साह और जूनून को बढ़ा दिया. जगह-जगह भारत माता की जय के घोष सुनाई दिए. किसी ने मिठाई बांटी तो किसी ने फटाके फोड़े.

चंद्रयान 3 मिशन के लैंडर के चाँद पर उतरने की यह दिनांक इतिहास में दर्ज हो गयी. वैज्ञानिकों की मानें तो आने वाले वर्षों में भारत की अन्तरिक्ष में सफलता के लिए यह सुखद कदम है.

चंद्रयान की सफलता में देश के अलग-अलग हिस्सों से वैज्ञानिकों की भूमिका रही. इस टीम में मध्यप्रदेश के वैज्ञानिकों के भी नाम हैं, जिनकी इस मिशन में सहभागिता है. इसमें बालाघाट के महेंद्र ठाकरे, सतना के ओम प्रकाश पांडे एवं रीवा के तरुण सिंह और उमरिया के प्रियांशु मिश्रा की भूमिका रही. महेंद्र ठाकरे चंद्रयान-3 मिशन में प्रोजेक्ट मैनेजर रहे. ओम प्रकाश पांडे ने चंद्रयान के परिक्रमा पथ की निगरानी की. रीवा के तरुण सिंह चंद्रयान से भेजी तस्वीरों को देखेंगे. वहीं प्रियांशु मिश्रा ने चंद्रयान 3 की लांचिंग के लिए लांच व्हीकल निर्माण में अहम भूमिका निभाई.

मध्यप्रदेश के छोटे स्थानों से निकले इन वैज्ञानिकों की कहानी बेहद सराहनीय है.

महेंद्र ठाकरे– बालाघाट जिले की बिरसा तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम कैंडाटोला के रहने वाले हैं. उनका अध्ययन ग्राम के शासकीय विद्यालय से हुई. फिर आगे अध्ययन के लिए वह रायपुर के साइंस कॉलेज में पढ़े और वहां से ग्रेजुएशन पूर्ण किया. इसके बाद दिल्ली आईआईटी से उच्च शिक्षा हासिल करके उनका कैंपस प्लेसमेंट दिल्ली आईआईटी से ही इसरो के लिए हो गया. वे चंद्रयान 3 के अंतर्गत एक प्रोजेक्ट के मैनेजर की भूमिका में थे.

ओम पाण्डेय – सतना जिले के छोटे से गांव करसरा के रहने वाले हैं. इंदौर से उनकी मास्टर्स पूरी होने के बाद विगत 5 वर्ष पहले ही उन्होंने इसरो को ज्वाइन किया है. मिशन चंद्रयान 3 में वे जिस टीम का हिस्सा थे उसका काम चंद्रमा के परिक्रमा पथ को बड़ा करने के साथ उसकी निगरानी करने का था.

तरुण सिंह बघेल– रीवा के एक ग्राम इटौरागढ़ से हैं, उनकी प्रारंभिक शिक्षा ग्राम में ही हुई. इसके बाद वे रीवा के सैनिक स्कूल में 12 वीं तक पढ़े. तत्पश्चात उन्होंने एसजीएसआइटीएस इंदौर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की और फिर वहीं से भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो से जुड़ गए. चंद्रयान-3 मिशन में तरुण ने पेलोड क्वालिटी इंश्योरेंस की जिम्मेदारी देखी. यह सैटेलाइट का कैमरा है जो चंद्रमा की तस्वीरें लेकर डाटा कोड में भेजता है.

प्रियांशु मिश्रा – उमरिया जिले के चंदिया के निवासी हैं. उन्होंने यहीं के विद्यालय से हाईस्कूल तक की पढाई की. इसके बाद उन्होंने हायर सेकेंडरी की शिक्षा भोपाल से पूरी की. देहरादून में उन्होंने बीटेक की फिर रांची से एमई (मास्टर ऑफ इंजीनियरिंग) की. इस दौरान उन्हें गोल्ड मैडल भी मिला. प्रियांशु ढ्ढस्ञ्जह्र में जॉइनिंग के बाद वर्तमान में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र विक्रम साराभाई सेंटर तिरुवंतपुरम में बतौर साइंटिस्त कार्यरत हैं. वे चंद्रयान 3 मिशन में डिजाइनिंग टीम का हिस्सा रहे.

राज्यस्तरीय महिला सम्मेलन आज भोपाल में

सिवनी यशोः- जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं के आर्थिक स्वालंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार एवं परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ करने हेतु राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 का क्रियान्वयन दिनांक 05 मार्च 2023 से किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक माह की 10 तारीख को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 अंतर्गत पंजीकृत अंतिम रूप से पात्र समस्त महिलाओं के आधार लिंक्ड डीबीटी इनेबल्ड बैंक खातों में आर्थिक सहायता राशि के अंतरण की जा रही है।

इसी क्रम में 27 अगस्त 2023 को दोपहर 01 बजे मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में भोपाल के जम्बूरी मैदान में लाड़ली बहना सेना के सदस्यों एवं योजना की हितग्राही बहनों का वृहद राज्यस्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री चौहान योजना में पंजीकृत समस्त महिला हितग्राहियों को 250/- रूपये का भुगतान सिंगल क्लिक के माध्यम से किया जाएगा। जिससे जिले की 269523 महिला हितग्राहियों को लाभ प्राप्त होगा।

जिले के सभी ग्राम एवं नगरीय वार्ड में कार्यक्रम आयोजित कर राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया जायेगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, लाड़ली बहना सेना के सदस्य, जनसेवा मित्र, पेसा मोबिलाईजर, जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समिति, अंत्योदय समिति, महिला स्वसहायता समूह, स्वच्छता दूत, किसान मित्र, सहयोगिनी मातृ समिति, शौर्यादल के सदस्य एवं स्वयं सेवी संगठन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

कुएं में डूबने से दो बच्चों की मौत, धूमा पुलिस जांच में जुटि

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के धूमा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुनवारा कला ग्राम में एक दर्दनाक घटना घटित हो गई। जहां कुएं में नहाने गए दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। जिनके शवों को अस्पताल लाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लखनादौन विकास खंड के अंतर्गत आने वाले धूम क्षेत्र के पुनवारा कला ग्राम में दो बच्चे कुएं में नहाने गए थे। जहां गहरे पानी में जाने से उनका दम घट गया। जैसे ही लोगों को पता चला कि दो बच्चे कुएं के अंदर डूब गए हैं। स्थानीय लोगों ने कुएं के अंदर घुसकर उन्हें बाहर निकाला और अस्पताल लेकर आए। लेकिन डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी परिजनों ने धूमा पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। और शवो का पंचनामा बनाते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए सिविल लखनादौन भेजा गया है। वहीं पुलिस परिजनों एवं स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि बच्चे स्कूल जाने के लिए तैयार हो रहे थे। वहीं नहाने के लिए कुआं गए हुए थे। जहां गहरे पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच रही है। मृतकों में रामजी पिता सूरज मरकाम उम्र 12 वर्ष जो कक्षा सातवीं में पड़ता था। तथा दुर्गेश पिता निरंजन यादव जो कक्षा छठवीं में पड़ता था। इस घटना से क्षेत्र में गमगीन माहौल है।

नगर परिषद द्वारा 44 हितग्राहियों को बांटे गए भू अधिकार पत्र

छपारा यशोः-मुख्यमंत्री शहरी भू अधिकार पत्र योजना के तहत छपारा नगर परिषद क्षेत्र के शहीद वार्ड और शिवनगर वार्ड के 44 हितग्राहियों को छपारा नगर के अंबेडकर भवन में एक कार्यक्रम आयोजित कर भू अधिकार पत्र बांटे गए हैं। गत दिवस हुए इस कार्यक्रम के अंतर्गत शहीद वार्ड के पार्षद मोनू कोष्टा ने बताया कि उनके वार्ड के लगभग 22 हितग्राही और शिवनगर वार्ड के 22 हितग्राहियों को भू अधिकार पत्र दिए गए।

इस भू अधिकार पत्र मिलने के बाद इन हितग्राहियों को अब प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी मिलेगा। वही देखा गया कि भू अधिकार पत्र मिलने के बाद हितग्राहियों के चेहरे खिल उठे लंबे समय से उन्हें भू अधिकार पत्र(पट्टा)की मांग थी जो अब जाकर पूरी हुई है भू अधिकार पत्र मिलने पर वार्ड के पार्षदों और शासन प्रशासन का उन्होंने आभार माना। इस दौरान कार्यक्रम में नगर परिषद की अध्यक्ष निशा पटेल पार्षद मोनू कोष्टा,राकेश भारद्वाज भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज जलदेव, पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नवनीत ठाकुर, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष नीरज दुबे, नीलू नागेश, स्वर्णिम साहू कार्यक्रम में मौजूद रहे।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https:// dainik yashonnati. com

जिले के 24399 परीक्षार्थी ऑलम्पियाड परीक्षा में हुए शामिल

सिवनी यशोः- जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर सह जिला मिशन संचालक श्री क्षितिज सिंघल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सह जिला परियोजना संचालक श्री पंवार नवजीवन विजय के मार्गदर्शन में 25 अगस्त 2023 को जिले के 80 जनशिक्षा केन्द्रों में ऑलम्पियाड परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। ऑलम्पियाड परीक्षा में 25415 दर्ज छात्र-छात्राओं में से 24399 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए। विकासखण्ड बरघाट में दर्ज 2985 विद्यार्थियों में से 2930, छपारा में 2460 में से 2393, धनौरा में 1789 में से 1743, घंसौर में 3579 में से 3439, केवलारी में 2872 में से 2745, कुरई में 2685 में से 2557, लखनादौन में 4169 में से 3938 एवं विकासखण्ड सिवनी में 4846 दर्ज परीक्षार्थियों में से 4654 परीक्षार्थी में शामिल हुए। परीक्षा में सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं पालकों का विशेष सहयोग रहा।

जिला प्रभारी श्री अमित से सेना द्वारा विभिन्न केन्द्रों में जाकर परीक्षा का अवलोकन किया गया। ऑलम्पियाड परीक्षा के सफल संचालन हेतु समस्त शिक्षक, जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी, जनशिक्षक, बीएसी, बीआरसीसी एवं एपीसी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

रामभद्राचार्य जी महाराज सिवनी में सुनाएंगे राम कथा

सिवनी यशोः- श्री चित्रकूट तुलसीपीठाधीश्वर पद्मविभूषण जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज द्वारा सिवनी जिलेवासियों को आगामी 9 सितंबर से 17 सितंबर तक श्री राम कथा सुने जाएगी. समाचार लिखे जाने तक प्राप्त जानकारी के अनुसार सिवनी जिले के पॉलीटेक्निक ग्राउंड में यह आयोजन होने जा रहा है. धार्मिक और आध्यात्मिक विचारधारा के प्रमुख, श्री चित्रकूट तुलसीपीठाधीश्वर पद्मविभूषण जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज, द्वारा सिवनी जिलेवासियों को राम कथा के साथ साथ अपने उपदेशों द्वारा जीवन के मार्गदर्शन में मदद करेंगे.

राम कथा:धार्मिक महत्व और मार्गदर्शन

9 सितंबर से 17 सितंबर के बीच, पॉलीटेक्निक ग्राउंड सिवनी में भगवान श्री राम की कथा का आयोजन होने जा रहा है। इस महोत्सव में संत महाराज अपने उपदेशों द्वारा जीवन के मार्गदर्शन में मदद करेंगे।

आध्यात्मिक उद्देश्य- राम कथा का मुख्य उद्देश्य धर्म, सदाचार, और परमात्मा के प्रति भक्ति को प्रोत्साहित करना है। स्वामी रामभद्राचार्य जी के उपदेश से जीवन को संजीवनी मिलेगी और जीवन के विभिन्न पहलुओं पर नया प्रकार का परिपेक्ष्य दिखेगा।

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ लें बेरोजगार युवक-युवती

सिवनी यशोः- महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि "मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना" का लाभ लेकर जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक/ युवती स्वयं का व्यवसाय एवं स्वरोजगार जैसे- होटल / रेस्टॉरेन्ट, ईट भट्टा निर्माण, पोहा-मुरमुरा निर्माण, कन्फेक्सनरी (चॉकलेट केन्डी आदि) किराना स्टोर्स, मेडिकल स्टोर्स, जनरल स्टोर्स, हार्डवेयर, ऑटो पॉर्ट्स, जूता चप्पल व्यवसाय, बर्तन व्यवसाय, कृषि सेवा केन्द्र, स्टेशनरी व्यवसाय, इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण, सेंटरिंग कार्य, चाय की दुकान, कॉकरी आदि विभिन्न प्रकार के व्यवसाय तथा वाणिज्यिक उद्देश्य हेतु वाहन के अंतर्गत ऑटो रिक्शा, टैक्सी, मालवाहक, जेसीबी आदि वाहन क्रय कर सकते है। 18-45 वर्ष आयु का 8वीं उत्तीर्ण कोई भी आवेदक जिसकी कुल पारिवारिक वार्षिक आय 12 लाख रूपए से अधिक न हो और किसी वित्तीय संस्था का डिफाल्टर नहीं हो, वह उक्त योजना का लाभ ले सकता है। योजना के तहत उन्हें म.प्र. शासन द्वारा गांरटी फीस (प्रचलित दर) एवं 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज में अनुदान अधिकतम 07 वर्ष के लिये प्रदान किया जाएगी।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनांर्गत आवेदन आमंत्रित

सिवनी यशोः- प्रभारी अधिकारी म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड भोपाल द्वारा शिक्षित बेरोजगार के लिए केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना संचालित की जा रही है। योजनांतर्गत शिक्षित बेरोजगारो को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आवेदन पत्र आंमत्रित किये जा रहे हैं। योजना का लाभ लेने हेतु आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष एवं शैक्षाणिक योग्यता कम से कम 10 वी पास होना अनिवार्य है। आवेदक ग्रामीण क्षेत्र का होना चाहिए। आवेदक पूर्व में किसी भी बैंक से लोन न्ही लिया होना चाहिए। आवेदक के परिवार पूर्व में बैंक के कलांतित ऋण ग्रसित नही होना चाहिए। लोन की राशि एक लाख से पचास लाख तक की है।

योजनांतर्गत सायकल रिपेंरिग, आटो मरम्मत कार्य, कम्प्यूटर जांव वर्क, फोटो कापी मशीन, मोबाइल मरम्मत, विधुत उपकरण मरम्मत, शाकाहारी ढाबा , सैंट्रिंग मिक्चर मशीन, टेन्ट हाउस, वेल्डिंग वर्क, आटा चक्की एवं मशाला चक्की, पापड बड़ी निर्माण, ब्यूटी पार्लर एवं निर्माण कार्य गतिविधी अंतर्गत सीमेन्ट ईट निर्माण, फेब्रीकेशन वर्क, विन्डोफ्रेम निर्माण, राईस मिल, सिलाई रेडीमेड, सीमेन्ट पोल एवं जाली निर्माण, आरो प्लांट, चर्मशिल्प निर्माण, बैग निर्माण, लिफाफा निर्माण एवं एल्यूमिनियम निर्माण हेतु योजना का लाभ ले व्यवसाय स्थापित कर सकते हैं।

योजनांतर्गत ऋण राशि में एससी, एसटी, ओ.बी.सी एवं महिला वर्ग के हितग्राही के लिए 35 प्रतिशत अनुदान की पात्रता है एवं सामान्य वर्ग के हितग्राही को 25 प्रतिशत अनुदान राशि की पात्रता है। इच्छुक व्यक्ति आवेदन पत्र आनंलाइन दर्ज की कर सी.ए. रिपोर्ट के साथ दो प्रतियों में संबंधित विभाग को प्रस्तुत करना होगा इच्छुक व्यक्ति उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय पर प्रभारी प्रबंधक म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड जिला पंचायत सिवनी से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। आवेदक को ऑनलाईन आवेदन हेतु आधार कार्ड, समग्र आईडी, वोटर आईडी, जाति प्रमाण पत्र, अहार्ता अंकसूची, बिजली बिल, राशन कार्ड, बैंक पास बुक फोटोकॉपी, पेनकार्ड, दो फोटो, अनुभव प्रमाण पत्र, कोटेशन एवं किराया नामा दस्तावेज के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

निर्वाचन संबंधी जानकारी हेतु कॉल सेंटर स्थापित

सिवनी यशोः- संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिले में विभिन्न गतिविधियां संचालित है। इसी परिपेक्ष्य में जिले के आम नागरिकों की सुविधा हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने, संशोधन करने, हटाने, मतदाता परिचय पत्र एवं अन्य चुनाव संबंधी जानकारी हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय में कॉल सेंटर स्थापित किया गया है। जिसका टोल फ्री नंबर 1950 है।

इस रक्षाबंधन पर बांधे गौ-माता के गोबर से बनी राखी

सिवनी यशोः-भारत मे हजारों वर्षो से गौवंश के पूजन को महत्व दिया जाता रहा है, गौ-माता के हर अंग में भगवान के विराजमान होने के वर्णन पुराणों व शास्त्र में विस्तृत रूप से उल्लेखित भी है। गाय के गोबर उपयोग सनातन धर्म के अनुसार होने वाले हर पूजन व अनुष्ठान में किया जाता है वही गोमूत्र के सेवन से कई आसाध्य बीमारियों के इलाज के प्रमाण भी है।

नगर के युवा किसान व जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिये वर्षो से प्रयास कर रहे पी सी एम आर्गेनिक फार्म के संचालक अंकित मालू ने इस राखी पर्व पर गौ-माता के गोबर से बनी राखी बहनों के लिये अपने प्रतिष्ठान में उपलब्ध कराई है। चर्चा के दौरान अंकित ने बताया कि गौ-माता के गोबर में भगवान का वास होता है इसी से बनी शुद्ध जैविक राखियों को बिक्री के लिये उनके द्वारा अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान वान्या ऑटोमोबाइल नाहर गैस एजेंसी के सामने बालरूप हनुमान मंदिर के पास रखा गया है, इन राखियो की कीमत मात्र 20 रुपये रखी गई है, देशी कारीगरों ने इन राखियो को हाथ से बनाया है।

नदी, तालाब एवं झील में नहीं होगा मूर्तियों का विसर्जन,कलेक्टर ने दिए निर्देश

सिवनी यशोः- सिवनी जिला कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक ली। जिसमे आगामी गणेश उत्सव,दुर्गा उत्सव सहित अन्य त्योहारों को देखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नई दिल्ली द्वारा मूर्ति विसर्जन के संबंध में जारी की गई गाईड लाईन एवं मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जबलपुर के निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी क्षितिज सिंघल ने आदेश जारी किये हैं। जिसमे जिले में गणेशजी एवं दुर्गाजी की मूर्तियों का नदियों, तालाब एवं झीलों में विसर्जन पर प्रतिबंध लगाया है। एवं संबंधित अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से पालन करने को कहा है। इस आदेशानुसार जिले में मूर्तियों एवं प्रतिमाओं के निर्माण में केवल प्राकृतिक सामग्रियों का ही इस्तेमाल किया जाएगा। मूर्तियों के निर्माण में परंपरागत मिट्टी का ही अपयोग किया जाए। पकी हुई मिट्टी, पीओपी (प्लास्टर ऑफ पेरिस) या किसी प्रकार के केमिकल एवं रासायनिक पदार्थो का उपयोग मूर्ति निर्माण में किया जाना प्रतिबंधित रहेगा। मूर्तियों एवं प्रतिमाओं पर कलर हेतु केवल प्राकृतिक रंगों व गैर विषो त रंगों का इस्तेमाल किया जावे। किसी भी प्रकार के रासायनिक व विषो त रंगों का इस्तेमाल पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिले मे केवल परंपरागत मिट्टी से निर्मित प्रतिमाओं का ही निर्माण व विक्रय किया जा सकेगा। परंपरागत मिट्टी छोड़कर अन्य पदार्थ जैसे पीओपी व अन्य रासायनिक पदार्थो से बनाई जाने वाली प्रतिमाओं के निर्माण एवं बाहर से लाने या ले जाने को प्रतिबंधित किया गया है।स्थानीय निकायों द्वारा भी इस संबंध में सत?यापन किया जाएगा। यदि परंपरागत मिट्टी छोड़कर अन्य रासायनिक पदार्थो से प्रतिमाओं के निर्माण का मामला प्रकाश में आता है। तो प्रतिमाओं को अपने कब्जे में लेकर उनका निपटान नगरी ठोस अपशिष्ट नियम-2016 के प्रावधानों के अनुरूप किया जाएगा। पूजन सामग्री जैसे फल-फूल, नारियल, वस्त्र, सजावट के सामान, कागज एवं प्लास्टिक निर्मित वस्तुएं शामिल है। मूर्तियों /प्रतिमाओं के विसर्जन के पूर्व निकालकर उन?हें अलग-अलग एकत्रित किया जावेगा। तथा सामग्री का निपटान ठोस अपशिष्ट नियम -2016 के प्रावधानों के परिप्रेक्ष्य में स्थानीय निकायों द्वारा किया जाएगा।

जादूटोने के शक पर धारदार हत्यार से वृद्ध की हत्या का मामला, पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

बादलपार चौकी के मट्ठाटोला का मामला

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के बादलपार चौकी अंतर्गत मट्ठाटोला में 2 दिन पहले अज्ञात व्यक्तियों ने वृद्ध को धारदार हथियार से मारकर घायल कर दिया था। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। वहीं हत्या करने के मामले का कुरई पुलिस ने पर्दाफाश किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जादूटोने के शक पर गांव के एक ही व्यक्ति ने छिंदवाड़ा जिले के दो लोगों के साथ मिलकर वृद्ध की हत्या की थी। इनमें से पुलिस ने दो हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि एक आरोपित फरार है। गिरफ्तार आरोपितों को आज न्यायालय में पेश कर दिया गया है। इस मामले में कुरई थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया है कि मट्ठाटोला गांव निवासी शैलेंद्र वर्मा का भाई कृष्ण कुमार हमेशा बीमार रहता था। और शक था कि गांव का 60 वर्षीय दीनाराम इनवाती कृष्ण कुमार पर जादूटोना करता है।इसी शक पर शैलेंद्र ने छिंदवाड़ा निवासी राहुल सिंह राठौर व अंकित वर्मा के साथ मिलकर बीते शनिवार की रात अंधेरे का लाभ उठाकर दीनाराम की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी थी। वहीं पुलिस ने शैलेंद्र व राहुल को छिंदवाड़ा से गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि अंकित फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से हत्या करने के लिए उपयोग में लाया गया चाकू, लोहे की राड समेत खून से सने कपड़े बरामद किए गए हैं।

दावा आपत्ति आमंत्रित

सिवनी यशोः- जिले के 8 लोकसेवा केन्द्रों के संचालन के लिए पीपीपी मॉडल तहत ऑपरेटरों के चयन के लिए एमपी टेण्डर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है। प्राप्त निविदा का समिति द्वारा परीक्षण उपरांत निविदाकारों की सूची जारी कर दी गई है। जिसके विरूध्द दावा-आपत्ति 28 अगस्त शाम 5 बजे तक लोकसेवा प्रबंधन विभाग में प्राप्त किए जाएंगे। उक्त पोर्टल http:// mpedistrict.gov.in/ °ß´ http://seoni.in पर अपलोड की गई है। निविदाकार उपरोक्त वेबसाईड का अवलोकन कर सकते हैं।

लखनादौन जिला बनाओ संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

सिवनी यशोः- एक बार पुनः विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही 100 वर्ष से अधिक पुरानी तहसील लखनादौन को जिला बनाने की मांग जोर पकड़ने लगी है।

इसी कड़ी में विगत एक सप्ताह से बैठकों के दौर के बाद शुक्रवार को जागरूक नागरिक, राजनैतिक संगठन के पदाधिकारी, अधिवक्ता संघ एवं प्रेस क्लब के सदस्यों सहित व्यापारी वर्ग द्वारा राम मंदिर प्रांगण में एकत्र होकर दशहरा चल समारोह मार्ग से एक विशाल रैली निकाली गई जिसमें छपारा, घंसौर, धनौरा को मिलाकर लखनादौन को जिला बनाने हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन सौंपा गया जिसमे 7 दिनों की मोहलत दी गई है कि यदि सीएम शिवराज सिंह यदि लखनादौन को जिला बनाने की घोषणा नही करते तो विधानसभा क्षेत्रवासी उग्र आन्दोलन करने हेतु बाध्य होंगे।

ज्ञापन कुछ इस प्रकार है- लखनादौन तहसील जो कि जिला सिवनी म.प्र. में आती है, आजादी के पूर्व अंग्रेज शासनकाल के समय सन् 1860 में गठित की गई थी, तब से लेकर आज तक 163 वर्ष बाद भी यह आदिवासी, जिन एवं अन्य पिछडा वर्ग एवं अन्य के मिश्रण से बसी यह तहसील आदिवासी अंचल की सबसे पुरानी तहसील है। जब मध्यप्रदेश की राजधानी नागपुर थी तथा जिला छिंदवाडा की एकमात्र पुरानी तहसील लखनादौन भी थी उस समय सिवनी तहसील नही थी। लखनादौन आदिवासी बाहुल्य तहसील को जिला बनाने की नोंग विगत 30 - 35 वर्षो से लगातार की जाती रही है, परन्तु जिला बनाये जाने हेतु जनसामान्य के हित में कोई समुचित कदन म.प्र. शासन द्वारा नही उठाये गये और न हो आज दिनांक तक जिले का दर्जा प्रदान किया गया है। लखनादौन समिति ने कहा कि म.प्र. - छत्तीसगढ़ के बैंटवारा के समय 45 जिलो में 29 जिले म.प्र. में तथा 16 जिले छ.ग. में विभाजित कर दिये गये थे, और सन् 2003 के बाद 29 जिलो को आज 52 जिलो में गठित कर दिया गया है, एवं मुख्यमंत्री द्वारा 03 जिलो की घोषणा भी की जा चुकी है। 02 विकासखण्डो के योग वाली तहसीले जिनकी जनसंख्या लगभग 3.50,000 रही है, उन तहसीलो को जिला का दर्जा देकर विकास के दर्जे से जोड़ दिया गया, परन्तु आजादी के 77 साल बाद भी आदिवासी बाहुल्य तहसील लखनादौन आज भी विकास की बाट जोह रही है, आदिवासी बाहुल्य तहसील लखनादौन 163 वर्षो के बाद भी अंग्रेज शासनकाल में सन् 1914 में निर्मित नवीन तहसील भवन में संचालित है, इसके पूर्व निर्मित तहसील भवन आज स्थापित है। 125 से लेकर 150 किलोमीटर की दूरी उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम चर्तुसीमा में स्थापित लखनादौन तहसील के आदिवासी एवं अन्य गरीब तबके के लोगो को छोटे छोटे कार्यो हेतु सिवनी आना - जाना पडता है, जिसमें दूरस्थ अंचल के लोगो को सुबह घर से निकलकर जाना पडता है और वापिसी अगले दिन होती है। आदिवासी बाहुल्य तहसील लखनादौन भौगोलिक, राजनैतिक, आर्थिक एवं राजस्व आय क्षेत्रफल, व्यापारिक दृष्टिकोण से अंग्रेजो द्वारा गठित तहसील से सबसे अधिक राजस्व आय म.प्र. शासन को होती है। सन् 1914 में निर्मित नवीन तहसील भवन को 100 वर्ष पूरे होने पर सन् 2014 में पुरातत्व संपदा मानते हुए जिला पुरातत्व संघ सिवनी के प्रस्ताव के अनुसार शासन शताब्दी समारोह भी मनाया गया।

सन् 2016 में लगभग 1 वर्ष तक प्रबुद्ध वर्ग कामीण जन, जनप्रतिनिधि, मीडिया, अधिवक्ता संघ लखनादौन के संयुक्त तत्वाधान में लखनादौन तहसील को जिला बनाये जाने की माँग को लेकर अनशन आंदोलन इत्यादि किये गये थे, तथा तात्कालीन महामहिम राज्यपाल तथा माननीय मुख्यमंत्री जी आपके समक्ष प्रतिनिधि मण्डल के माध्यम से आंकडे सहित समस्त समुचित दस्तावेजो का ज्ञापन भी दिया गया था, तथा आपके द्वारा आश्वस्त भी किया गया था कि आगामी वर्षो में हम इसका फैसला लेगें, और बल्भव भवन भोपाल द्वारा मई 2023 में उपसचिव म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल को लखनादौन तहसील को जिला घोषित करने वायदा पत्र जारी भी किया गया था, उक्त पत्र की प्रति अधिवक्ता संघ लखनादौन को प्रेषित की गई थी, परन्तु आपके द्वारा वर्तमान में 03 नये जिलो की घोषणा की गई है परन्तु लखनादौन तहसील को जिला का दर्जा दिये जाने की समुचित पहल नहीं की गई है। म.प्र. में पूर्व गठित जिलो के आंकड़े और इस लखनादौन तहसील के चार तहसील लखनादौन, छपारा, घंसौर एवं धनौरा मिलाकर कुल जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार 6,29,690 है, जो कि अन्य नवीन गठित जिलो की तुलना में करीब दो गुने से भी अधिक है।

सदस्य जिला पंचायत सिवनी वार्ड क्रमांक -16

लखनादौन वासियों ने कहा कि शीघ्र अतिशीघ्र इस ज्ञापन के माध्यम से लखनादौन तहसील को जिले का दर्जा प्रदान करने की घोषणा 07 दिन के भीतर की जाये अन्यथा लखनादौन जिला बनाओ संघर्ष समिति 07 दिन के उपरांत उस आंदोलन हेतु बाध्य होगी, जिसकी समस्त जबाबदारी म.प्र.शासन की होगी।

हाथीतारा रैयत के 'हर घर जल'

मंडला यशोः-- जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम मेंनिवास विकासखंड के ग्राम हाथीतारा के प्रत्येक घर एवं संस्थाओं तक शुद्ध जल प्रदान करने का लक्ष्य हासिल किया गया है। इस संबंध में ईईपीएचई मनोज भास्कर ने बताया कि हाथीतारा ग्राम में जल जीवन मिशन के तहत कार्य प्रारंभ कर प्रभावी मॉनिटरिंग एवं तकनीकि सहयोग प्रदान कर कार्य को समय में पूर्ण करने का प्रयास किया गया। योजना को पूर्ण कर ग्राम के 67 परिवार, एक स्कूल तथा 2 आंगनवाड़ी केन्द्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया गया। प्रत्येक घर तक पेयजल उपलब्ध होने पर ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। योजना ग्राम पंचायत को हस्तांतरित कर दी गई है। ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को नल जल योजना के संचालन का कार्य सौंपा गया है जो कि नियमित रूप से संचालन, रख रखाव एवं संधारण का कार्य कर रही हैं।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

मंडला - शासकीय महाविद्यालय अंजनिया के स्वीप प्रभारी एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. नवीन कुमार हरदहा के निर्देशन एवं ब्लॉक बिछिया के मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों के सहयोग से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया किया गया। इस अवसर पर समस्त छात्रा छात्राओं को मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें उन्हें नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के साथ मतदाता परिचय पत्र में त्रुटिओं में सुधार के लिए ऑनलाइन एवं बीएलओ के माध्यम से त्रुटियां सुधार के लिए जानकारी प्रदान की गई।

रेत का अवैध परिवहन करते 3 वाहन जब्त

मंडला यशोः-महाराजपुर थाना अंतर्गत पिंडरई रोड़ पर एक वाहन ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51 एए 6062 खनिज रेत तथा एक ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51 एए 7561 थाना कोतवाली अंतर्गत एवं एक ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51 एए 7701 थाना बिछिया अन्तर्गत खनिज रेत के अवैध परिवहन की गतिविधि में संलिप्त पाए जाने के कारण खनिज विभाग द्वारा जब्त किया गया। उक्त संलिप्त वाहनों को जब्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थानों की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त वाहनों के विरूध म0प्र0 खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत् प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है।

सड़को पुलियो के निर्माण को तरसे लोग , सड़क नहीं तो वोट नहीं का नारा

मंडला यशोः- मंडला आदिवासी बाहुल्य जिले मंडला में आज मंडला सहित आस पास की जनपद और उनकी ग्राम पंचायतों के अधिकांश ग्रामो में आज भी लोगो को मिलने वाली मुलभूत सुविधाएं से वंचित नजर आ रहे है सड़क, पानी बिजली ये ग्रामीणों की आज की मूल सुविधाएं है पर हर बार चुनाव के पहले इन भोलेभाले लोगो को मंच से बड़े बड़े सपने दिखा कर जीत हासिल कर चंपत हो जाते है।

मंडला नगर सहित कुछ ग्रामीण अंचल आज भी उनको मिलने वाली सुविधाएं से वंचित है। वही सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड नारायणगंज मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पंचायत सिकोसी की पोषक ग्राम बोरिया स्थित ग्वारी टोला में आवागमन में भारी परेशानी कई वर्षों से बनी हुई है। आये दिन शिकायत पत्र लेकर ग्रामीण पहुंचते है और जनपद पंचायत कार्यालय में अनेकों बार मौखिक, लिखित रूप से शिकायत पत्र सौंपे हुए है साथ ही जनपद से लेकर जिला प्रशासन में होने वाली जनसुनवाई में भी कलेक्टर को शिकायत पत्र दिया जा चुका है। और सांसद विधायक तक को अनेको बार अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया पर उन्हें केवल अस्वासन मिला काम नही हुआ विधायक मंत्री आते रहे जाते रहे पर ग्रामीणों की समस्याएं जस की तस है अब ग्रामीणों की सभी से अपने लिए माँग की जा रही सुविधाएं से आस टूट रही है जिस्को लेकर ग्रामीणों का कहना है की लगातार हमारे द्वारा हर स्तर पर पुलिया और सड़क निर्माण की मांग को लेकर आवेदन निवेदन वर्षो से कर रहे है, पर समस्या जस की तश है अब हमारी समस्याओं से किसी को सरोकार नहीं है। ज्ञात हो कि नेशनल हाईवे से महज एक किलोमीटर की दूरी में मोहल्ले की बसाहट है। के हाल है तो पता नही दूर दराज जंगली ग्रामो की स्थिति तो बताना मुश्किल ही है। वही हमारे मोहल्ले में लगभग ढाई सौ रहवासियों की संख्या है और ग्राम टिकरिया से होकर जाने वाली नेशनल हाईवे से लगा हुआ है, यहां से ग्वारी टोला के बीच एक नाला है जहां पुलिया ना होने के कारण आवागमन में यहां के रहवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बारिश के मौसम में यहां के बच्चे कई दिनों तक पढ़ने स्कूल नहीं जा पाते। जिससे उनका भविष्य भी अंधकार के साथ साथ असुरक्षित है। और जैसे तैसे बच्चे नाला पर कर स्कूल जाते है तो बारिश न हो जाये बाढ़ न आ जाये इस बात की चिंता को लेकर परिजन और बच्चे हमेशा चिंतित रहते हैं। वहीं सड़क और पुलिया के अभाव में यहां के ग्रामीणों को बाजार हाट से लेकर अनेक परेशानियों का सामना लगातार करना पड़ रहा है इन्हीं परेशानियों से तंग आकर स्थानीय लोगो ने आगामी विधानसभा चुनाव में सभी ग्रामवासी मतदान का पूर्ण रूप से बहिष्कार करने का फैसला लिए और अब उनका नारा रहेगा कि काम नही तो बोट नही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सड़क पुलिया का कार्य नहीं होता है तक तक ग्राम से एक भी वोटर वोट नहीं देगा साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि एक माह के अंदर हमारी समस्याओं का निराकरण नहीं होता है तो हम उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

इस दौरान उपस्थित रहे अविनाश शर्मा जनपद उपाध्यक्ष , श्याम सिंह मरावी, अमर सिंह मरावी पंच, रोहित मरावी, सुनील उईके, रतन वरकड़े, दुर्गेश उईके, हनमत सिंह, राजेश कुमार, सहित बड़े संख्या में ग्रामीण रहे उपस्थित।

इनका कहना है

यहां के ग्रामीणों को वर्षो से मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिया और सड़क निर्माण के लिए लगातार हम संघर्षरत हैं। परंतु ऊपर सत्ता में बैठे सरकार व वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण निर्माण हेतु राशि उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

इंजी. भूपेंद्र वरकड़े
सदस्य जिला पंचायत

ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत पत्र प्राप्त हो रहे हैं जिन्हें हमारे द्वारा जिले स्तर पर भी भेजा जा चुका है। हाल में नदी में पानी होने के कारण निर्माण कार्य कराना संभव नहीं है बारिश के पश्चात कार्य कराया जाएगा।

आसाराम भारतीय
अध्यक्ष जनपद पंचायत

विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा ग्राम बखारी में आयोजित नेत्र शिविर हुआ संपन्न

जांच उपरांत 18 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया

सिवनी यशोः- शनिवार दिनांक 26/08/2023 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा ग्राम बखारी मे आयोजित निशुल्क नेत्र शिविर संपन्न हुआ। सांई नेत्रा आई केयर संस्थान सिवनी एवं सक्षम भारत संस्था दादा वीरेंद्र पुरी आई हास्पिटल जबलपुर के माध्यम से विधायक दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा विधानसभा क्षेत्र सिवनी के अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में नेत्र रोगियों के उपचार हेतु आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर के अंतर्गत ग्राम बखारी में शिविर प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक उप-स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित किया गया। जिसमे शिविर का शुभारंभ सम्मानीय जनों की गरिमामय उपस्थिति मे मां सरस्वती जी पूजन व छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डा. योगेन्द्र पटेल द्वारा 50 नेत्र रोगियों की जांच उपरांत 18 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। इस दौरान बडी संख्या मे ग्राम के लोगों ने शिविर का लाभ लेते हुए नेत्र जांच करवाया।

इस अवसर पर सर्वश्री राजीव उइके जी भाजपा मंडल अध्यक्ष बीजादेवरी, डा. अनिल उईके , डा. हरेंद्र राठौर, एसके वर्मा सेक्टर सुपरवाइजर, नूरसिंह डहेरिया, मंजू सेंगर सरपंच, स्वाति सनोडिया सचिव, मनोज साहू, कृष्णा मानव , डा. सुरेन्द्र परते, सतीश दुबे विधायक प्रतिनिधि, अजय साहू अध्यक्ष ओबीसी महासभा कृषक मोर्चा, शमीम अंसारी, नमन साहू , आशिक अंसारी, अनक लाल उइके , नीरज उइके , मनीराम उइके तुलाराम चौधरी, सिद्दीक भाई, रामसिंह भारती सहित नेत्र रोगियों की उपस्थिति रही।

भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा नवमतदाता सदस्यता अभियान की हुई शुरुआत

केवलारी यशोः- भारतीय जनता युवा मोर्चा के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय वैभव पवार जी के निर्देशन एवम युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आदरणीय युवराज रहांगडाले जी के मार्गदर्शन एवम युवा मोर्चा केवलारी मंडल अध्यक्ष प्रवीण दुबे जी के नेतृत्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा केवलारी द्वारा नवमतदाता सदस्यता अभियान 2023÷ की शुरुआत की गई ।इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा हर नव मतदाता को भाजपा की रीती नीति से जोड़कर भाजपा का सदस्य बनना है। जिसकी शुरुआत केवलारी मंडल के मुख्यालय केवलारी से प्रारंभ की गई।आपको बता दें इस कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता पंचायत स्तर तक पहुंचकर गांव गांव में नवयुवकों को केंद्र में मोदी सरकार और प्रदेश में शिवराज सरकार द्वारा किए गए विकाशकार्यो की जानकारी देकर नवमतदाता को भाजपा से जोड़ने का काम करेगा। इसके साथ ही युवा मोर्चा के कार्यकर्ता क्षेत्र के युवा नवमतदाताओ को 7000230230 पर मिसकॉल एवम www.narendramodi.in/sadasytamp पर ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से भाजपा की सदस्यता दिला रहे हैं।

इस सदस्यता अभियान कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवम विधानसभा संयोजक श्री प्रदीप राय जी,भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन अवधिया जी,युवा मोर्चा जिला मंत्री एवम केवलारी विधानसभा संयोजक श्री सौरभ यादव जी,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रवीण दुबे जी,पूर्व जनपद सदस्य वरिष्ठ नेता नितिन बघेल जी,महामंत्री ओमकार जंघेला जी एवम अजय बघेल जी,मीडिया प्रभारी दीपेश पांडे जी,संतोष झरिया जी,रज्जू झरिया जी,राज तिवारी जी,सहित युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लखनवाड़ा के युवाओं ने की वेनगंगा घाट की सफाई

सिवनी यशोः- सिवनी जिला मुख्यालय से छिंदवाड़ा रोड पर ग्राम लखनवाड़ा से माँ वैनगंगा प्रवाहित होती है,हर वर्ष बारिश के कारण इस नदी पर बनाये गए वर्षो पुराने छोटे पुल व घाट पर जल प्रवाह के साथ कचरा व लकडी व मिट्टी का जमाव घाट पर हो जाता है। आगामी दिनों में गणेश उत्सव, तीजा, हरछठ जैसे पर्वो पर इस घाट पर मूर्ति विसर्जन के अलावा महिलाएं पूजन अर्चन के लिये आती है। हर वर्ष की तरह इस साल भी लखनवाड़ा के जागरूक युवाओं ने घाट में रविवार को व्यपाक स्तर पर सफाई की, जहां मन्दिर के समीप बने पुराने व नये घाट की पानी से धुलाई कर जमा मिट्टी हटाई गई इसके अलावा जेसीबी की मदद से छोटे पुल पर फंसे लकड़ी व कचरे ढेर को भी अलग किया गया। विदित हो इस घाट पर सिवनी जिले के अलावा छिंदवाड़ा के चौरई तहसील के सैकड़ों ग्रामीण अस्थि विषर्जन के लिये इसी तट पर आते है। वही यहां वर्ष भर पूजन पाठ भी होता है, उत्तरप्रदेश व बिहार के नागरिक यहां छठ पर्व मानते है जिसके कारण मा वैनगंगा का यह घाट पवित्र रखा जा रहा है। रविवार को किये सफाई अभियान में ग्राम लखनवाड़ा के शैलेंद्र बघेल, मनीष बघेल, निक्की बघेल, सोनू, कीर्तिपाल, सतीश, अंचल, ओमकार, मंगल बड़े, अमित, अनिकेत व बिट्टू सहित अन्य युवाओं ने श्रम दान किया।

सऊदी अरब में 15 अगस्त के दिन काबा शरीफ के सामने राष्ट्रीय ध्वज लेकर की अमन की दुआ

छपारा यशोः- भारत की आजादी का जश्न आम आदमी में इतनी खुशी और हर्ष उल्लास रहता है इसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते अपने वतन को चाहने वाले विदेश में रहकर भी आजादी का दिन याद करके खुशियां मनाते हैं। प्रतिवर्ष देश में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को हम आजादी के पर्व को मनाते हैं किंतु जो भारत देश का निवासी विदेश में है वह भी इस दिन को बड़े हर्ष और उल्लास के साथ याद करके मनाते हैं, इसका एक सटीक उदाहरण हमें भारत के बाहर भी देखने को मिला जब छपारा निवासी एम.एस.शाइस्ता कादरी जो उस वक्त सऊदी अरबिया में थी शाइस्ता कादरी एम डी टेक्नोलॉजिस्ट है और नगर में एक पैथोलॉजी संचालक है। और वह उस दौरान उमरा करने के लिए मक्का मदीना में थी 15 अगस्त के दिन काबा शरीफ के सामने उन्होंने भारत की आजादी का दिन स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज लेकर भारत की स्वतंत्रता की खुशी जाहिर की साथ ही मोहब्बत का परचम लहराया, उन्होंने भारत के अमन भाईचारे के लिए दुआ की उन्होंने इस आशय का एक वीडियो भी सऊदी अरबिया से भेजा था वतन की मोहब्बत का यह परिदृश्य वास्तव में काबिले तारीफ है।

सतत जारी हैं मतदाता जागरूकता गतिविधियां

सिवनी यशोः- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल एवं स्वीप प्रभारी सीईओ जिला पंचायत सिवनी श्री नवजीवन विजय के मार्गदर्शन में विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर जिले में शतप्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से जिले में विभिन्न गतिविधियां संचालित हैं।

स्कूलों में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा विविध गतिविधियों को आयोजन कर मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया किया जा रहा है साथ ही ऐसे युवा जो 1 अक्टूबर 2023 की तारीख पर 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं, उनसे 31 अगस्त तक चलने वाले मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने की अपील की जा रही है।

मण्डला तहसील के पेंशनरों का सम्मान समारोह

मंडला यशोः- जिला मण्डला तहसील के अध्यक्ष नागेन्द्र नाथ चौरसिया व कार्यकारी अध्यक्ष हफीज खान के नेतृत्व में मुख्य अतिथि संभागीय सचिव बी.एस. वरकड़े, जिला अध्यक्ष व उपप्रांताध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता व कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. गोपाल कुछवाहा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद सुरेष्वर, कोषाध्यक्ष एस.एन. अली सचिव बलराम पाल के विशिष्ट आतिथ्य में मण्डला तहसील स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन विनोद सुरेश्वर के द्वारा किया गया। उद्बोधन श्रृंखला में निवास अध्यक्ष एन.के.परोंहा, नैनपुर अध्यक्ष रामगोपाल पटले, तहसील घुघरी अध्यक्ष सी.एल. भलावी, नारायणगंज तहसील अध्यक्ष वृंदावन दुबे मवई अध्यक्ष सुन्दर लाल मार्को, सिझौरा अध्यक्ष दषरथ लाल उइके, पदमी अध्यक्ष भगवानदास ठाकुर, सालीवाड़ा अध्यक्ष सुदामा राय, सर्री अध्यक्ष जमना प्रसाद सिंगौर, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमति सावित्री सांडया व उपाध्यक्ष श्रीमति हेमलता पटेल ने अपने अपने विचार रखे। सभी का यह अभिमत रहा कि राज्य शासन के द्वारा पेंशनरों के साथ हर समय पक्षपात पूर्ण व्यवहार का परिचय दिया गया। अनेकों ज्ञापनो, धरनों, रेलियों के बाद महंगाई राहत की स्वीकृति प्रदान की जाती है तथा एरियर्स राषि से वंचित कर दिया जाता है। इन स्थितियों में चुनाव अवधि में उस प्रत्याषी के पक्ष में अपना मत देने का निर्णय लिया जो पेंशनर्स हितों का संरक्षण कर सके। अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन ने पेंशनर्स की लंबित मांगो यथा छटवें वेतनमान का 32 महिनों का एरियर्स, 7वें वेतनमान का 27 माहों का एरियर्स, 49 (6) धारा विलोपित करना व स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करना पर अपने विचार रखे। 30 जून को सेवा निवृत्त कर्मचारियों को एक वेतनवृद्धि दिये जाने के बाद पुनरीक्षित पी.पी.ओ. जारी करने बावद् माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा 14 पेंशनरों के पक्ष में पारित आदेष का वितरण किया गया। एकमतेन यह निर्णय पारित किया गया कि इस वर्ष वार्षिक पत्रिका का प्रकाषन किया जावे, जिसके प्रधान संपादक विनोद सुरेष्वर व सह संपादक डॉ. गोपाल कुषवाहा होंगे। तहसील स्तर पर सदस्यता ग्रहण करने वाले 17 नवागत पेंषनरों का सम्मान साल ओढाकर किया गया।

कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता किशोर गुप्ता, आशाराम श्याम, अयोध्या प्रसाद ठाकुर, अब्दुल कय्यूम खान, परसराम कुषराम, बी.आर. यादव राजू पटेल कमल सिंह उइके, जवाहर लाल पटेल, श्रीमति नजमा कुरेषी, पी.एन. गुप्ता, अरूण चौरसिया, सुरेन्द्र कुमार मिश्रा व अनेकों पेशनरों की गरिमामय उपस्थिति रही। डॉ. गोपाल कुशवाहा के द्वारा आभार प्रदर्शित किया गया।

किसानों के लिए आत्मा योजनांर्तगत सर्वोत्तम कृषक तथा कृषक समूह पुरुस्कार के लिए 31 अगस्त आवेदन आमंत्रित

सिवनी यशोः-उपसंचालक सह परियोजना संचालक आत्मा समिति किसान कल्याण तथा कृषि विकास सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के तत्वाधान में कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम आत्मा योजनांर्तगत विभिन्न श्रेणी कृषि, मत्स्य, पशुपालन, कृषि अभियांत्रिकी, उद्यानिकी एवं रेशम पालन के पुरस्कार हेतु कृषकों/कृषक समूहों का चयन किया जाना हैं। पुरस्कार के चयन के लिए वर्ष 2022-23 (रबी/खरीफ) में कृषकों द्वारा अपनाई गई तकनिकी, उपज एवं उत्पादकता के आधार पर किसानों का चयन किया जायेगा। विकासखण्ड स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिये प्रत्येक विकासखण्ड से चयनित पांच कृषकों (अलग-अलग संकायों में) को दस हजार रूपये की राशि प्रदान की जायेगी। 10 जिलास्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार (अलग-अलग संकायों में) के लिये 25 हजार रू. प्रदाय किये जायेगें। जिलास्तरीय सर्वोत्तम कृषक समूह पुरस्कार के लिये 20 हजार रू पांच समूहों को प्रदाय किये जायेगें।

इच्छुक कृषक पुरस्कार हेतु 31 अगस्त 2023 तक अपने संबंधित विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी/ ब्लॉक टैक्नॉलोजी मैनेजर आत्मा, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि अभियांत्रिकी विभाग से आवेदन पत्र प्राप्त कर उनके मार्गदर्शन में आवेदन भरकर जमा कर सकते हैं। सर्वोत्तम कृषक का चयन 15 सितंबर 23 तक समिति द्वारा किया जायेगा। संबंधित विभाग के अधिकारीयों के माध्यम से कृषकों के आवेदन पत्र जिलास्तर पर चयन हेतु प्रस्तुत किये जायेगें। पूरे प्रदेश में चयनित कृषकों को 26 जनवरी 2024 को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। नोट- विगत वर्षो में पुरस्कार हेतु चयनित कृषकों को आगामी 7 वर्षो तक चयन प्रक्रिया में सम्मिलित नही किया जायेगा।

स्वरोजगार योजना अंतर्गत इच्छुक व्यक्ति करें आवेदन

सिवनी यशोः- सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि शासन द्वारा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के युवक-युवतियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित स्वरोजगार योजना, में 10 हजार से 01 लाख तक के ऋण प्रकरण तैयार किये जाने है, इस योजना में योग्यता का बंधन नही है, उम्र 18 से 55 के बीच होना चाहिए एवं आयकर दाता न हो ।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297